Schedule XLII-High Court (J) 19[old (M)164]

<u>अनुमन्डल न्यायालय—असैनिक न्यायाधीश (वरीय कोटि) बनमनखी, पूर्णियाँ, बिहार</u>

समक्ष— सतीश मणि त्रिपाठी (बिहार न्यायिक सेवा)

स्वत्व वाद सं.— 8/19 सी.आई.एस.क्र.— 8/19

चन्द्र किशोर सिंह एवं अन्य बनाम घनश्याम चन्द्र एवं अन्य

Order date	Order with signature of the Court	Office action taken
25/04/25	वादी की ओर से उनके विद्वान अधिवक्ता की हाजिरी है। प्रतिवादीगण की कोई पैरवी नहीं है। यह वाद वादी की ओर से प्रस्तुत आवेदन दिनांक 07.03.25 पर आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया है तथा उक्त आवेदन की प्रति प्रतिपक्षी के द्वारा लेने से इंकार किये जाने के कारण अभिलेख के साथ संलग्न है। उक्त आवेदन को वादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा संचालित कर समर्पित किया गया है कि वादी की ओर से आर.एस. प्लोट नं0—210, आर.एस. खाता नं0—190 की प्रमाणित प्रति तथा 1981 से 2018—2019 का होलडिंग रशीद की मूल प्रति प्रस्तुत किया गया है। अतः निवेदन है कि उक्त दस्तावेज को प्रदर्श अंकित करने की कृपा की जाए। प्रतिवादी द्वारा प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया है और न ही प्रतिवादी पुकार पर सुनवाई हेतु उपस्थित हुए। वादी के विद्वान अधिवक्ता को सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया जिससे प्रतीत होता है कि दिनांक 06.03.19 को वादी की ओर से उक्त दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उपर्युक्त खतियान को लोक दस्तावेज की प्रमाणित प्रति होने के कारण प्रदर्श 1 अंकित किये जाने का आदेश दिया जाता है तथा वादी को निर्देश दिया जाता है कि होलडिंग रशीद को औपचारिक साक्ष्य से साबित करें। वाद आगामी दिनांक 08.05.25 वास्ते वादी साक्ष्य हेतु नियत। हस्ताक्षर अ.सै.न्यायाधीश वरीय कोटि बनमनखी, पूर्णियाँ	